दिन– गुरुवार दिनांक– 28 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण को प्रभावी रूप से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में भी विशेष भूमि सर्वेक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

03. त्याग और बलिदान का त्योहार बकरीद आज धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में आंधी–बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की घटनाओं में आठ लोगों की मौत।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण को प्रभावी रूप से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री मोदी ने कहा कि यह अभियान केवल बुनियादी ढांचे के निर्माण तक सीमित न रहे, बल्कि नियमित निगरानी, जनभागीदारी और विभिन्न पक्षों के समन्वय से ठोस परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। श्री मोदी ने नई दिल्ली में इक्यानवीं प्रगति बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने राज्यों से अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी परियोजनाओं, जैसे कचरा प्रसंस्करण और गोबरधन संयंत्रों के निर्माण में तेजी लाने का आग्रह किया। बैठक में रेलवे, विद्युत और सड़क निर्माण से जुड़ी लगभग तीस हजार करोड़ रुपये लागत की बुनियादी सुविधाओं की सात महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————

प्रदेश में अब ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में भी विशेष भूमि सर्वेक्षण होगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव से संबंधित बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त संशोधन नियमावली को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि राज्य में चल रहे भूमि सुधार को और विस्तार देने के लिए शहरी क्षेत्रों में भी सर्वे का काम होगा।

———साउंड बाईट———

श्री चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने बिहार रैयती भूमि क्रय नीति दो हजार छब्बीस को भी लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सरकारी योजनाओं के लिए रैयतों से सीधे भूमि खरीदी जायेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में चार गुना और शहरी क्षेत्र में दो गुना तक मुआवजा दिया जायेगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने बिहार विधानमंडल के वर्तमान और पूर्व सदस्यों, अखिल भारतीय सेवा के सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों, राज्य सरकार के नियमित कर्मियों, पेंशनधारियों और उनके आश्रितों के इंडोर चिकित्सा के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था को मंजूरी दी है।

———साउंड बाईट———

कैबिनेट ने मधुबनी, सीतामढ़ी, दरभंगा, सुपौल और बक्सर जिले के लिए राज्य उच्च पथ की पांच परियोजनाओं को मंजूरी दी। इस पर तीन हजार सात सौ चालीस करोड़ रूपये की लागत आयेगी। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने पश्चिम–कोसी सिंचाई योजना के पुनर्स्थापना और आधुनिकीकरण के लिए छह सौ छह करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की।

————————————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भ्रष्टाचार और काम में लापरवाही तथा अनियमितता बरतने वाले चौदह अंचलाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पत्थरघट, पाटलिपुत्र, धैलाढ़, बैकुंठपुर, गुरारू, पालीगंज, सुपौल, गोपालपुर, गोपालगंज, एकमा, चंडी, बैरिया, और साहेबपुर कमाल प्रखंडों के तत्कालीन अंचलाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। विभागीय मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि इन पर आरोप पत्र गठित करने के साथ ही इनके वेतन वृद्धि पर भी रोक लगा दी गई है।

———साउंड बाईट———

————————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा है कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा की जायेगी। जदयू प्रदेश मुख्यालय में जनसुनवाई के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी सिविल सर्जन और डीपीएम की समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं को मानकों के अनुरूप और अधिक सुदृढ़ तथा प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

————————————————————————————

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–दो हजार छब्बीस के लिए शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards.gov.in के माध्यम से पांच जुलाई तक भेजे जा सकते हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद इन पुरस्कारों का संस्थागत भागीदार है। महाविद्यालयों,

विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक के निर्धारित मानदंड पूरा करने वाले नियमित संकाय सदस्यों को ये पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

————————————————————————

त्याग और बलिदान का त्योहार ईद–उल–अजहा यानि बकरीद आज धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। ईद उल अजहा हज़रत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के आदेश का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की याद में मनाया जाता है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की जा रही है। राजधानी पटना स्थित गांधी मैदान में आज सुबह विशेष नमाज अदा की गयी। इधर, बकरीद को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। बकरीद के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधा कृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————

प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में आंधी–बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गयी। खगड़िया और मुजफ्फरपुर में दो–दो, तथा मुंगेर, भागलपुर, पूर्वी चंपारण और पश्चिम चंपारण जिले एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हादसे पर शोक जताते हुये मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। इधर, हमारे संवादाताओं ने बताया कि आंधी–बारिश और ओलावृष्टि से आम और लीची की फसल को व्यापक क्षति हुई है। कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खम्भे उखड़ गये जिससे आवागमन और बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी बाधित हुई है। इस बीच मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण –मध्य हिस्सों में आंधी के साथ तेज बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———साउंड बाईट———

————————————————————————

जमुई की एक अदालत ने गढ़ी थाना में पदस्थापित दारोगा प्रभात रंजन की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या के मामले में तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा तीन अन्य दोषी को दो–दो साल की सजा सुनाई गई है। इनपर बीस–बीस हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं, पटना की एटीएस की

विशेष अदालत ने जाली भारतीय नोट की तस्करी में छह आरोपियों को दोषी करार दिया है। तीन जून को सजा के बिंदु पर सुनवाई होगी।

—————————————————————

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की ओर से पटना के ज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार मेले में दस हजार आठ सौ बयासी युवाओं को नौकरियां मिलीं।

—————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने और सोशल मीडिया पर उससे संबंधित पोस्ट डालने के मामले में पुलिस ने आरोपी चुन्नू लाल यादव को जहानाबाद से गिरफ्तार कर लिया है।

—————————————————————

गया के गुरुआ बाजार में अपराधियों ने एक आभूषण व्यापारी को गोली मारकर पैंतीस लाख रूपये मूल्य के जेवरात और पांच लाख रूपये नकद लूट लिए।

—————————————————————

मधुबनी जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पवन चौक के पास एक अनियंत्रित हाइवा ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गयी। इधर, बेगूसराय के कुरहा ढाला के पास पिकअप वाहन की चपेट में आने से भाई–बहन की मौत हो गई।

—————————————————————

कटिहार जिले के टीकापट्टी थानाक्षेत्र के धूसर पंचायत के चकला बहियार में तीन दिन से आतंक फैला रहे तेंदुए को ग्रामीणों ने मार डाला। तेंदुए के हमले में तीन लोग भी घायल हो गये।

—————————————————————

आईपीएल क्रिकेट के एलीमिनेटर मुकाबले में कल रात राजस्थान रॉयल्स ने सनराईजर्स हैदराबाद को सैंतालीस रन से हरा दिया। राजस्थान के लिए वैभव सूर्यवंशी ने उनतीस गेंद में शानदार संतानवे रन की पारी खेली। वैभव ने अपनी पारी में बारह छक्के लगाये। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल के एक सीजन में सबसे अधिक छक्के लगाने के क्रिस गेल के चौदह साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। गेल ने साल दो हजार बारह में उनसठ छक्के लगाये थे, जबकि वैभव ने इस सीजन में पैंसठ छक्के जड़े हैं। वैभव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

—————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण लिखता है– रैयती भूमि के लिए नई नीति, बाजार दर से चार गुना तक मिलेगा मुआवजा।

प्रभात खबर ने लिखा है– सीएम ने दिया तोहफा, राज्यकर्मियों का अब कैशलेस ईलाज होगा।

हिन्दुस्तान ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखा है– एसआईआर कराना निर्वाचन आयोग का अधिकार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– हमारे वैभव सिक्सर किंग, आईपीएल के एलिमिनेटर मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा, गेल का उनसठ छक्कों का रिकॉर्ड।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– केवटी के बीडीओ के छह ठिकानों पर ईओयू का छापा।

आज अखबार ने लिखा है– नये मानक से स्कूलों में होगी शिक्षकों की पोस्टिंग।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण को प्रभावी रूप से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में भी विशेष भूमि सर्वेक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

03. त्याग और बलिदान का त्योहार बकरीद आज धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में आंधी–बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की घटनाओं में आठ लोगों की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।